राजस्थान विश्वविद्यालय के डॉ. जितेन्द्र बारूपाल को यंग रिसर्चर फैलोशिप पुरूस्कार, 20 लाख रू. प्रतिवर्ष का अनुदान व मासिक फैलोशिप।

जयपुर– 18 अक्टूबर। राजस्थान विश्वविद्यालय के बॉटनी विभाग के एक प्रतिभाशाली युवा शोधकर्ता डॉ. जितेन्द्र बारूपाल को भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौधोगिकी मंत्रालय के जैव प्रौधौगिकी विभाग ने पहले एम. के भान यंग रिसर्चर फैलोशिप के लिए चयनित किया है। डॉ. बारूपाल का इस प्रतिष्ठित फैलोशिप के लिए राजस्थान राज्य की ओर से चयन हुआ है।

विश्वविद्यालय जनसम्पर्क अधिकारी डॉ. भूपेन्द्र सिंह शेखावत के अनुसार डॉ. बारूपाल को यह पोस्ट डॉक्टरल फैलोशिप 03 वर्ष के एक स्वतंत्र अनुसंधान हेतु प्रदान की गयी है इस फैलोशिप के तहत 20 लाख रू. प्रतिवर्ष का अनुदान व मासिक फैलोशिप प्रदान की जायेगी। डॉ. बारूपाल ने विश्वविद्यालय के बॉटनी विभाग के प्रो. एस.एल. कोठारी के मार्गदर्शन मे विश्वविद्यालय से पीएच.डी की है। डॉ. बारूपाल हावर्ड यूनिवर्सिटी, एवं यूनिवर्सिटी कैलिफोर्निया, बार्कले मे भी अनुसंधान कर चुके हैं व वर्तमान मे डॉ. सुनीता कच्छावा के साथ बॉटनी विभाग मे क्लीनीकल इन्फोर्मेटिक्स पर अपना अनुसंधान कार्य कर रहे हैं।

जनसम्पर्क अधिकारी